**JALAUN POLICE**

## दिनांक – 14.08.2025

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली कोंच पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की घटना में वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 10.08.2025 को वादी श्री नितिन कुमार पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार निवासी ग्राम घमूरी तहसील कोंच जनपद जालौन द्वारा कोतवाली कोंच में तहरीर दी गयी थी कि दिनांक 09.08.2025 को आरोपीगण मेरे पिता श्री जितेन्द्र कुमार उम्र करीब 46 वर्ष को षड्यन्त्र के तहत एकांत में बुलाकर उनकी हत्या कर दिये हैं वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली कोंच पर मु0अ0सं0 179/25 धारा 191(2)/103(1)/352/351(2)/61(2)(a) बीएनएस बनाम 1. राम प्रसाद 2. अमन सिंह उर्फ मिक्की पुत्र अजय सिंह उर्फ पंकज 3. अमित पुत्र नामालूम 4. राजा पुत्र अजय सिंह उर्फ पंकज 5. अजय सिंह उर्फ पंकज पुत्र राम प्रसाद निवासीगण जवाहर नगर कोंच बस स्टैन्ड जनपद जालौन के अभियोग पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 14.08.2025 को एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पंचानन चौराहे के आगे जालौन रोड पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. अजय सिंह उर्फ पंकज पुत्र राम प्रसाद उम्र करीब 54 वर्ष 2. अमन सिंह उर्फ मिक्की पुत्र अजय सिंह उर्फ पंकज उम्र करीब 25 वर्ष निवासीगण मु0 जवाहर नगर थाना कोंच जिला जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूंछताछ का विवरण:-**

पूँछतांछ में मुख्यआरोपी अमन उर्फ मिक्की ने बताया कि मेरे दादा राम प्रसाद के संपर्क में मृतक जितेन्द्र कुमार आया और राम प्रसाद जितेन्द्र कुमार पर विश्वास करने लगे तथा विद्यादेवी उच्चतर बालिका विद्यालय के मेन गेट की चाभी जितेन्द्र कुमार उपरोक्त को दे दिये थे मृतक जितेन्द्र कुमार द्वारा विद्यालय की छोटी-छोटी बातों को राम प्रसाद से बताता था जिससे घर में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। अमन उर्फ मिक्की द्वारा अमित के फोन से मृतक जितेन्द्र उरोक्त को फोन करके अपने घर पर समझाने के उद्देश्य से बुलाया था समझाने के बाद जब मृतक बात नही माना तो अपने साथियों के साथ गाड़ी में डालकर अपने बंद पड़े पेट्रोल पंप पर मारपीट कर घायल कर दिया था जिससे उसे गंभीर चोटे आ गयी थी। हम लोगो ने जितेन्द्र उपरोक्त को सीएचसी कोंच में छोड़कर भाग गये थे।

**नाम पता अभियुक्तगण-**

1. अजय सिंह उर्फ पंकज पुत्र राम प्रसाद उम्र करीब 54 वर्ष निवासी मु0 जवाहर नगर थाना कोंच जिला जालौन
2.अमन सिंह उर्फ मिक्की पुत्र अजय सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 जवाहर नगर थाना कोंच जिला जालौन

**बरामदगी का विवरण:-**

1. घटना में प्रयुक्त एक अदद कार नं0 UP-92-AH-6352
2. एक अदद मोटरसाईकिल नं0 UP-92-H-8214 (मृतक की)
3. मृतक की शर्ट, बनियान व आयुष्मान कार्ड

**पुलिस टीम का विवरण:-**

1. प्र0नि0 कोंच मय पुलिस टीम।
2. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल मय टीम जनपद जालौन।